# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार**

- एनडीए संसदीय दल के नेता चुने गये नरेंद्र मोदी, कल शाम तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की लेंगे शपथ, कहा–एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन ।
- कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुने जाने पर प्रदेश के कई जिलों में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, वाराणसी में निकला विजय जुलूस ।
- योग के लाभ के बारे में जागरूक करेगा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारित होंगे विविध कार्यक्रम ।
- मौसम विभाग ने अगल दो दिनों तक कई जिलों में लू की संभावना जतायी ।

**********

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल के नेता और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी कल तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उन्हें और उनके नये मंत्रिमण्डल को कल शपथ दिलायेंगी। राष्ट्रपति के तरफ से ही उन्हें सरकार बनाने का न्यौता दिया गया है। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में कल शाम छह बजे आयोजित किया जाएगा। कल हुई एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने यह जानकारी दी।

एनडीए नेताओं ने कल राष्ट्रपति से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा किया। इससे पहले एनडीए संसदीय दल ने सर्वसम्मति से श्री नरेन्द्र मोदी को पार्टी का नेता चुना। नई दिल्ली में बैठक के दौरान भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने श्री मोदी के नाम का प्रस्ताव दिया जिसका गठबंधन के सभी नेताओं ने समर्थन किया। राजनाथ सिंह ने श्री मोदी का नाम प्रस्तावित करते हुए कहा कि वह इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन कोई मजबूरी नहीं बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है।

***जहां तक मेरी जानकारी है लोकतांत्रिक देशों में पूरे विश्व में तीसरी बार यह अवसर किसी को प्राप्त हो रहा है तो हमारी एनडीए को यह अवसर प्राप्त हो रहा है और साथियों हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि मोदी जी जैसा एक जन कल्याणकारी और संवेदनशील प्रधानमंत्री हम लोगों को मिलने जा रहा है।***

प्रस्ताव का समर्थन करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा कि यह सिर्फ एनडीए संसदीय दल की बैठक में बैठे नेताओं की नहीं बल्कि इस देश के 140 करोड़ लोगों की इच्छा है। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि देश ने उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन देखा है।

बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि हम सभी एक साथ आए हैं और अब सभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है, जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन है और हमारा लक्ष्य सभी निर्णयों में सर्वसम्मति बनाना होगा।

श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता ने एनडीए को 22 राज्यों में सरकार बनाकर सेवा करने का अवसर दिया है।

***विविधता से भरे हुए अपने लोकतांत्रिक और सामाजिक रचना के बीच में यह तीन दशक की यात्रा एक बहुत बडी मजबूती का संदेश और मैं आज बडे गर्व के साथ कहता हूं एक समय वह था कि संगठन के कार्यकर्ता के रूप में इस एलायंस का हिस्सा था और आज सदन में बैठ करके आपके साथ काम करते–करते यह सबसे सफल एलायंस है।***

श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार सुशासन, विकास, आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में एनडीए ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है। एनडीए के सभी नेतृत्व स्तंभों के बीच एक सामान्य बात है, वह है सुशासन। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि एनडीए को लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव में बहुमत मिला।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल का नेता चुने जाने पर कल उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी में कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला। वहां ढोल नगाड़ो की थाप के बीच जश्न मनाया गया और आतिशबाजी भी की गयी। भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने कहा कि नरेंद्र मोदी को पुनः संसदीय दल का नेता चुना जाना भारत को वर्ष 2047 में विकसित भारत बनाने की संकल्पना को और मजबूत करता है। हापुड़, रामपुर, इटावा, आगरा और कुशीनगर समेत प्रदेश के कई जिलों में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्री मोदी के लगातार तीसरी बार एनडीए दल का नेता चुने जाने पर जश्न मनाया।

**********

लोकसभा चुनाव नतीजों में प्रदेश में इंडी गठबंधन की जीत के बाद कल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे । वहां उन्होंने कहा कि प्रदेश में शानदार जीत से कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कांग्रेस पार्टी इस चुनाव में मजबूत हुई है। इस मौके पर कांग्रेस के राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्रालय योग अभ्यास के लाभ के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कल नई दिल्ली में इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की।

मंत्रालय ने कहा कि दूरदर्शन सुबह के विशेष लाइव शो प्रसारित करने के साथ–साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम और साक्षात्कार भी प्रसारित करेगा। इस कड़ी में आकाशवाणी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र कल्याण के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा। आयुष मंत्रालय ने एक योग गीत तैयार किया है जिसे सभी मीडिया प्लेटफार्म्स पर साझा किया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी बताया कि वह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान के साथ निजी मीडिया संगठनों को प्रोत्साहित करने की पहल जारी रखेगा। योग के संदेश को फैलाने में प्रिंट, टीवी और रेडियो के योगदान को मान्यता देने के लिए पिछले साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मीडिया सम्मान की स्थापना की गयी थी।

**********

कानपुर जिले के जाजमऊ आगजनी मामले में समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को न्यायालय ने सात वर्ष की सजा सुनायी है। एमपी एमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने वर्ष दो हजार बाइस में घटित इस मामले में विधायक को दोषी करा7र दिया है।

**********

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में पीड़ितों के अधिकारों को कई तरीकों से परिभाषित और संरक्षित किया गया है। इसी क्रम में देशद्रोह कानूनों में एक संतुलित दृष्टिकोण बनाने का प्रयास किया गया है। राजद्रोह कानूनों में एक आदर्श बदलाव के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023, धारा 152 के साथ देशद्रोह कानूनों के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करती है, जो भारत की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता को खतरे में डालने वाले कार्यो पर केन्द्रित है।

नया कानून बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का कवच देता है। नये कानून के तहत सरकारी नीतियों और कार्यों की आलोचना पर दण्ड का प्रावधान नहीं है। कानून में इरादे की आवश्यकता को जोड़ा गया है, जिससे प्रावधान की सीमा और विस्तृत हो गई है।

बीएनएस–2023 में सजा के भय के बगैर विचारों को व्यक्त करने के अधिकार को सुरक्षित रखते हुए उन गतिविधियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही को सुनिश्चित किया गया है, जो राष्ट्र के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं।

**********

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश के अलग अलग जिलों में लू की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक लू का असर बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, आगरा, मथुरा, इटावा, फिरोजाबाद, जालौन और झांसी समेत आसपास के इलाकों में सबसे ज्यादा महसूस किया जायेगा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से छह डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है, वहीं न्यूनतम तापमान में अगले चौबीस घंटे में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़त संभव है।

**********

गोरखपुर के सैनिक स्कूल में इस वर्ष एक जुलाई से पढ़ाई शुरू हो जाएगी । यह स्कूल प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरकांत सिंह ने बताया कि स्कूल में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से छठी और नौवीं कक्षा में पचहत्तर–पचहत्तर बच्चों का प्रवेश लिया जा सकेगा।

**********